सत्यमेव जयते	राजस्थान राजपत्र विशेषांक	RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary
	साधिकार प्रकाशित	Published by Authority
	श्रावण 09, सोमवार, शाके 1945-जुलाई 31, 2023 *Sravana 09, Monday , Saka 1945- July 31, 2023*	

भाग 6 (ग)

ग्राम पंचायत संबंधी विज्ञप्तियां आदि।

ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग

(पंचायती राज)

अधिसूचना

जयपुर, जुलाई 25, 2023

संख्या एफ.15(33)पंरावि / विधि / नगरपालिका गठन / 2022 / 376 :- विभागीय अधिसूचना संख्या एफ.15(33)पंरावि / विधि / नगरपालिका गठन / 2022 / 1153 दिनांक 30.08.2022 के द्वारा राजस्थान पंचायती राज अधिनियम, 1994 (1994 का अधिनियम संख्या-13) की धारा-98 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए धारा-9 एवं 101 में वर्णित शक्तियों को राज्य सरकार द्वारा जिला कलेक्टर, पाली को ग्राम पंचायत के पुनर्गठन / पुनर्सीमांकन / नवसृजन किये जाने हेतु उपयोग कर प्रस्ताव तैयार करने, सार्वजनिक अवलोकन के लिये प्रसारित करने, एक माह की अवधि में आपत्तियां आमंत्रण करने एवं उन पर सुनवाई करने के पश्चात तैयार किये गये प्रस्तावों का राज्य सरकार से अनुमोदन करवाये जाने के लिए अधिकृत किया गया था ।

जिला कलेक्टर, पाली द्वारा उपर्युक्त कारवाई किये जाने के पश्चात उनके द्वारा तैयार किये गये प्रस्तावों एवं की गई अभिशंषाओं का परीक्षण कर, प्रस्तावों को राज्य सरकार से अनुमोदन करवाये जाने के पश्चात निम्नलिखित ग्राम पंचायतों का पुनर्गठन / पुनर्सीमांकन / नवसृजन किया जा चुका है और कि :-

1. निम्नलिखित पुनर्गठित / पुनर्सीमांकित / नवसृजित ग्राम पंचायतें उस नाम से जानी जायेगी जो कि नीचे वर्णित अनुसूची के स्तम्भ 4 में वर्णित है;
2. वह स्थानीय क्षेत्र जिस पर इस प्रकार पुनर्गठित / पुनर्सीमांकित / नवसृजित और अनुसूची के स्तम्भ 4 में यथानामित पंचायतें अधिकारिता का प्रयोग करेगी, ऐसा होगा जैसा कि स्तम्भ 5 में वर्णित है;

पंचायत समिति मारवाड जंक्शन, जिला-पाली				
क्र.सं.	नगरपालिका मारवाड जंक्शन के गठन से प्रभावित ग्राम पंचायत का नाम	नगरपालिका गठन के पश्चात ग्राम पंचायत के शेष ग्राम	पुनर्गठित / पुनर्सीमांकित / नवसृजित ग्राम पंचायत का नाम	ग्राम पंचायत में सम्मिलित ग्राम
1	2	3	4	5

1	हेमलियावास खुर्द	1. कारोलिया 2. रेवडिया 3. नरसिंहपुरा	नरसिंहपुरा	1. कारोलिया 2. रेवडिया 3. नरसिंहपुरा
2	चवाडिया	1. चवाडिया 2. जोगडावास 3. बिठुडा खुर्द	चवाडिया	1. चवाडिया 2. जोगडावास 3. बिठुडा खुर्द

आज्ञा से,
रवि जैन,
शासन सचिव एवं आयुक्त

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय,जयपुर।